<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–22 अगस्त 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक दो हजार पचीस को राज्यसभा में भी मिली मंजूरी। संसद से पारित इस कानून का उल्लंघन करने पर तीन साल की कैद और एक करोड़ रुपये तक जुर्माने का किया गया प्रावधान।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एटा में सात सौ पचास करोड़ रुपये की लागत वाले सीमेंट प्लांट का किया उद्घाटन । कहा–डबल इंजन की सरकार ने देश और प्रदेश को दी है नई पहचान।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिले भारतीय अंतरिक्ष यात्री और ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला। संवाददाता सम्मेलन में भी लिया हिस्सा। कहा–गगनयान मिशन और भारत अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने में मूल्यवान साबित होगी मिशन एक्सियम फोर से मिली जानकारी।
- उप मुख्यमंत्री ने लगातार अनुपस्थित रहने वाले चिकित्सकों के बर्खास्तगी के दिये निर्देश।

**********

संसद ने ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक दो हजार पचीस पारित कर दिया। इसे कल राज्यसभा ने मंजूरी दे दी। लोकसभा ने इसे पहले ही पारित कर दिया था। यह विधेयक ई–स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को प्रोत्साहित करने, साथ ही हानिकारक ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाओं, विज्ञापनों और उनसे संबंधित वित्तीय लेनदेन पर प्रतिबंध लगाने के बारे में है। कानून का उल्लंघन करने पर तीन साल तक की कैद और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने या दोनों का प्रावधान है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ऑनलाइन मनी गेमिंग के कारण कई परिवारों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ा है।

**देश का कोई कोना ऐसा नहीं था जिसमें से ऑनलाइन मनी गेम्स के कारण परिवार के परिवार नष्ट हुए। समाज में एक बहुत बड़ी कुरीति है उस कुरीति को समाप्त करने की जरूरत है और जैसे नशा फैलता है, उसी तेजी से यह कुरीति फैल रही थी। तो इसको समाप्त किया गया। लेकिन साथ ही साथ जो गेमिंग का पॉजिटिव एस्पेक्ट है ई–स्पोर्टस और ऑनलाइन सोशल गेम्स उसको प्रमोट करने के लिए भारत को एक गेम मेकिंग हब बनाने के लिए एक अच्छा समय पर लिया हुआ निर्णय हैं, कठोर कदम है लेकिन यह समाज में इसकी जरूरत है।**

ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन बिल–दो हजार पचीस के संसद में पास होने पर समाज के सभी वर्गों ने प्रसन्नता जताई है। अमरोहा जिले की शिक्षिका आकांक्षा रस्तोगी ने इसके लिए केंद्र सरकार का आभार जताया है।

**ऑनलाइन गेम जो गवर्नमेंट ने इस पर बैन लगाया है ये काम तो उन्होंने बहुत अच्छा किया है, क्योंकि सबसे ज्यादा इफेक्ट जो पड़ता है बच्चों का माइंड में पड़ता है जो सारे दिन रात अपने स्टडी को छोड़ कर के और फोन में अपना माइंड लगाते हैं तो उनका जो कंसंट्रेशन है वो पढ़ाई से हट कर के गेम में ज्यादा है। इससे हमारे माइंड पे भी इफेक्ट पड़ता है बॉडी पे भी इफेक्ट पड़ता है और दूसरी चीज फाइनेंशियली भी लॉस होता है।**

**********

लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही कल से अनिश्चित काल तक के लिए स्थगित कर दी गई। इसके साथ ही पिछले महीने की इक्कीस तारीख से शुरू हुआ संसद का मानसून सत्र भी सम्पन्न हो गया है। लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सत्र के दौरान चौदह विधेयक पेश हुए और कुल बारह विधेयक पारित किए गए। हमारे संवाददाता ने बताया है कि सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित हुए हैं। एक रिपोर्ट–

**मानसून सत्र के दौरान महत्वपूर्ण विधायक पारित किए गए जिनमें ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधायक, आयकर विधायक तथा कराधान कानून संशोधन विधेयक, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधायक और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संशोधन विधेयक के अलावा तटीय नौवहन विधायक और भारतीय प्रबंधन संस्थान संशोधन विधेयक शामिल हैं। लोकसभा और राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर भी विशेष चर्चा की गई। बत्तीस दिनों के सत्र के दौरान दोनों सदनों की कुल 21 बैठकें हुई। हालांकि विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के कारण सत्र में बार–बार व्यवधान और स्थगन भी देखा गया लेकिन सरकार महत्वपूर्ण कार्य निपटाने में सफल रही। अनुपम मिश्र के साथ आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल एटा में सात सौ पचास करोड़ रुपये की लागत से एक सीमेंट प्लांट का उद्घाटन किया। इस अवसर एक सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने सबका साथ, सबका विकास के मंत्र से देश और प्रदेश को नई पहचान दी है।

**भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है और आने वाले दो वर्ष में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होगा।**

मुख्यमंत्री ने एटा में शुरू किए गए सीमेंट प्लांट की विशेषताएं भी बताईं। उन्होंने कहा कि यह प्लांट लोगों को रोजगार देगा।

**आप देख सकते हैं कि यह जो सीमेंट का प्लांट यहां पर स्थापित हुआ है। प्लांट एक है लेकिन इसके माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से पांच सौ लोगों को यहां पर कार्य मिला है। तीन हजार से अधिक लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से कार्य मिला है।**

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कल नई दिल्ली में भारतीय अंतरिक्ष यात्री और ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से मुलाकात की। श्री सिंह ने ग्रुप कैप्टन शुक्ला को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी और भारत की मानव अंतरिक्ष यात्रा में इसे महत्वपूर्ण बताया। रक्षा मंत्री ने भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम में वायु सेना की महत्वपूर्ण भूमिका का भी उल्लेख किया।

वहीं, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने कल नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि एक्सियम फोर मिशन एक प्रतिष्ठित मिशन है, क्योंकि शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाकर सुरक्षित लौटने वाले पहले भारतीय बने हैं। इस अवसर पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा कि आने वाले दिनों में भारत की अर्थव्यवस्था के विकास में स्पेस कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इस अवसर पर वायुसेना के ग्रुप कैप्टन और अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने कहा कि इस मिशन से प्राप्त जानकारी भारत के आगामी गगनयान मिशन और भारत अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने के लिए मूल्यवान सिद्ध होंगी। उन्होंने बच्चों में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने पर बल दिया।

**इस बार जब हम गए हैं तो अभी हमारे पास एक प्रॉपर प्रोग्राम है गगनयान भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और मून लैंडिंग का प्रोग्राम है। तो मुझे लगता है कि साइंटिफिक टेंपरामेंट क्रिएट करने की जरूरत है। इन प्रोग्राम के बारे में लोगों को बताने की जरूरत है, तो पहली चीज है कि आप एक्साइटमेंट और क्यूरियोसिटी क्रिएट करिए बच्चों को जगाइए और जब एक बार वो जगे हैं और वो उसकी तरफ बढ़ते हैं तो उनको मौका दीजिए की वो कैसे उस क्यूरियोसिटी को एक सपने को एक ड्रीम को रियलिटी में कन्वर्ट करें। इसको अचीव करने के लिए हमें इनकी जरूरत है यही बच्चे बड़े होके ये मिशन सक्सेसफुली एक्जीक्यूट करेंगे।**

इस बीच, लखनऊ निवासी ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के नाम पर जल्द ही लखनऊ में एक लैब स्थापित करने की पहल हो रही है। एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय– ए.के.टी.यू. के सहयोग से स्थापित होने वाली इस लैब में छात्र नवाचार पर कार्य कर सकेंगे। एकेटीयू इनोवेशन हब के हेड महीप सिंह ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि छात्रों में नई तकनीकी और नवाचार की संस्कृति विकसित करने के लिए यह पहल की जा रही है।

**********

उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने ड्यूटी से लगातार अनुपस्थित रहने वाले प्रदेश के सात चिकित्सकों के बर्खास्तगी के निर्देश दिये हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए श्री पाठक ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों द्वारा लंबे समय से अपने उत्तरदायित्व से विरत रहने के प्रकरण का संज्ञान लेते हुए यह कार्रवाई की गई है।

**********

गौतम बुद्ध नगर के शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में चल रही प्रो वॉलीबाल लीग मैच का फाइनल मुकाबला कल मुजफ्फरनगर लायंस की टीम ने तीन एक से जीत ली। इस मैच में मथुरा योद्धास की टीम उपविजेता रही। प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह बतौर मुख्य अतिथि मैच के समापन समारोह में शामिल हुए।

**********

मौसम विभाग ने आगामी पचीस अगस्त तक प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में कहीं कहीं भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार आज और कल वर्षा के साथ साथ बिजली गिरने की भी आशंका है। लगातार होने वाली बारिश से अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस के क्रमिक गिरावट की भी संभावना है। इस बीच, बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण राज्य की कई नदियां उफान पर हैं। बदायूं और फर्रुखाबाद में गंगा, शाहजहांपुर में रामगंगा, बाराबंकी, अयोध्या तथा बलिया में घाघरा नदी और मथुरा में यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

**********